-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 14.05.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 24 घण्टे के भीतर छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से छिनैती के नगद रुपए, बैंक के दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.05.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 13.05.2026 को थाना गिरवां क्षेत्र के ग्राम छिबाँव के रहने वाले विवेक तिवारी के साथ 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्कूटी से आकर बैंग व नगद रुपये की छीनने की घटना को अंजाम दिया गया। जिसके सम्बन्ध में तत्काल थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज, यक्ष एप व मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को मेडिकल कॉलेज बांदा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से छिनैती के रुपये, बैंक के दस्तावेज व घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद हुए है।

बरामदगी-

- 03 हजार रुपए नगद बरामद
- 01 इंडियन बैंक की पास बुक
- स्कूटी (घटना में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अमन पुत्र रामनारायण निवासी पोड़ाबाग अलीगंज थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।
2. सार्थक पुत्र अशोक निवासी कालूकुआं थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 229/26 धारा 304(2) /317(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री बलराम सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर
2. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी (चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज)
3. कां0 अश्वनी कुमार
4. कां0 दिनेश कुमार शर्मा
5. कां0 हर्ष तिवारी